आरिफ अहमद अंसारी,
पी०सी०एस०(जे)
प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी०डि०)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

दिनांक : जुलाई 25, 2021

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 1324/एसएलएसए-23/2016 दिनांकित सितम्बर 07, 2020 द्वारा जनपद में गठित स्थाई लोकअदालत के संचालन के लिए एक निश्चित मानदेय पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रट के सेवानिवृत्त आशुलिपिक ग्रेड-2 हेतु इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, जो निम्न हैं। अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से कम या 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

क0सं0	पदनाम	पद की संख्या	वेतनमान/मानदेय
1.	आशुलिपिक ग्रेड-2	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिए निर्धारित मानदेय मु0 9,000/- रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।

आशुलिपिक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टहैन्ड व कम्प्यूटर की जानकारी होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विहित प्रारूप में दिनांक 25.08.2021 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 25.09.2021 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं में स्वयं/रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यर्थी फार्म की प्रति जिला न्यायालय की बेवसाइट या माननीय उच्च न्यायालय के बेवसाइट अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं-ज्ञानपुर से भी प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 25.09.2021 को सायं 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक- आवेंदन का प्रारूप

(आरिफ अहमद अंसारी,)
प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं।

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय भदोहीं को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु प्रेषित
2. केन्द्रीय नाजिर कलेक्ट्रेट को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु प्रेषित
3. सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय हाईकोर्ट की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित
4. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु प्रेषित
5. जिला सूचना अधिकारी भदोहीं को निःशुल्क विज्ञप्ति को प्रकाशन कराने हेतु प्रेषित किया जाय।
6. जिला मजिस्ट्रेट भदोहीं को जनपद भदोहीं के बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित

(आरिफ अहमद अंसारी)
प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं।